भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या 63

7 फरवरी, 2024 के लिए प्रश्न

चीनी मिलें

***63. श्री महाबली सिंह :**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का केन्द्रीय सहायता से नई और आधुनिक चीनी मिलों की स्थापना करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा कितनी चीनी मिलों की स्थापना की गई है; और

(घ) सरकार द्वारा बिहार सहित देश में कितनी चीनी मिलें स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है?

वाणिज्य एवं उद्योग तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा वस्त्र मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

लोक सभा में दिनांक 07.02.2024 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 63 के उत्तर के भाग (क) से (घ) में उल्लिखित विवरण

(क) से (ग) : समय-समय पर यथासंशोधित गन्ना (नियंत्रण) आदेश के खंड 6-क से 6-ड. में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार कोई भी उद्‌यमी देश के किसी भी भाग में चीनी मिल स्थापित करने के लिए स्वतंत्र है।

(घ): इसके अतिरिक्त, चीनी मौसम 2022-23 के दौरान, देशभर में लगभग 534 चीनी मिलें प्रचालनरत हैं जिनमें से बिहार राज्य में 09 चीनी मिलें कार्यशील हैं।

*****